हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

# विश्वभारती ऑटोमोबाइल











## नगरी, जिला धमतरी
## आपका हार्दिक धन्यवाद

नगरी तथा पूरे जिला धमतरी के सम्मानित ग्राहकों द्वारा
हमारे नए मारुति सुज़ुकी एरीना शो-रूम को जो अपार स्नेह, विश्वास और स्वागत मिला,
उसके लिए हम पूरे हृदय से आपका अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हैं।

आप सबके उत्साह और सहयोग की बदौलत
उद्घाटन के पहले ही दिन 10 कारों की बुकिंग प्राप्त हुई जो हमारे लिए सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि
नगरी की जनता के भरोसे का अद्भुत प्रमाण है।

आपके इस विश्वास ने हमें और अधिक प्रेरित किया है कि
हम हर ग्राहक को बेहतर सुविधा, पारदर्शिता और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करें।
हम यह वचन देते हैं कि विश्वभारती ऑटोमोबाइल आपके साथ विश्वास, गुणवत्ता और समर्पण के
साथ लंबे समय तक जुड़ा रहेगा।

नगरी, जिला धमतरी — धन्यवाद!
आपका अपनापन, आपका विश्वास,
हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

विश्वभारती ऑटोमोबाइल
नया मारुति सुज़ुकी एरीना शो-रूम, नगरी — जिला
धमतरी. मो: 6262620163 / 6262620161

खबर संक्षेप



## मंदरौद में सुनैना कृष्णा की श्रीराम कथा जारी

**कुरुद।** ग्राम मंदरौद मे श्री मुक्तिबोध मानस परिवार एवं परमार्थ (स्वर्गधाम) सेवा समिति के तत्वावधान में 10 से 14 दिसंबर तक पांच दिवसीय संगीतमयी दिव्य श्रीराम कथामृत महोत्सव सुनैना कृष्णा श्रीधाम अयोध्या उत्तरप्रदेश द्वारा प्रतिदिन 2 से शाम 5 बजे तक जारी है। शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस को समर्पित आदिवासी हुल्की नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के सदस्य घर-घर पहुंचकर सनातन परम्परा को बरकरार रखते हुए पीला चांवल और सुपाड़ी भेंटकर आमंत्रण दे रहे हैं।

## नपं अध्यक्ष को मातृशोक

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं प्रेमजीत छाबड़ा की माताजी चरणजीत कौर छाबड़ा का निधन हो गया।



वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं तथा रायपुर के एक अस्पताल में उपचाररत थीं। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. छाबड़ा धार्मिक, सरल एवं स्नेहिल स्वभाव की महिला थीं। उनका संपूर्ण जीवन परिवार एवं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में नगरवासी, सामाजिकगण, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## निधन

### जुन्नी बाई ठाकुर

**धमतरी।** जर्नादन होटल के प्रोपाईटर तेजबहादुर सिंह (बबला) की मां जुन्नी बाई ठाकुर 85 वर्ष का



अस्वस्थता के चलते शनिवार को शाम 4 बजे निधन हो गया। उनकी शवयात्रा निवास स्थान गवर्नमेंट ब्याज स्कूल के सामने से शाम 5 बजे निकली जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, शहर के गणमान्य नागरिक व राजनीति से जुड़े लोग शामिल हुए।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं ग्राम सेनचुवा को सूचित किया जता है, कि आवेदक धनेश पिता अभयराम जाति गोड़ निवासी सेनचुवा तहसील भखारा द्वारा अपन दादा अंजोरी की मृत्यु दिनांक 10/4/1997 को ग्राम सेनचुवा में होना बताया है। आवेदक अपने दादा अंजोरी की मृत्यु दिनांक **10/4/1997** का पंजीयन नहीं कराया है। शासकीय कार्य हेतु अपने दादा अंजोरी की मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्टार कार्यालय में पंजीयन हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र अनुपलब्धता मय दस्तावेज की प्रति न्यायालय में पेश किया है।

अतः आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक **19/12/2025** तक स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**भखारा**

### पूर्व विद्यार्थी एवं गुरुजन करेंगे स्मार्ट क्लास का लोकार्पण

# सिर्री हाईस्कूल में गुरु शिष्यों का महासंगम 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में गुरु शिष्य स्नेह सम्मेलन का आयोजन 4 जनवरी को होगा। शाला विकास समिति, पूर्व छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों सहित समस्त शिक्षकों के सहयोग से इस आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सन 1962 से लेकर सन 2025 तक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं गुरुजनों का महासंगम देखने को मिलेगा। विदित हो कि इस आयोजन में अभी तक लगभग 400 से भी अधिक पूर्व विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में शामिल होने अपना पंजीयन करवा चुके हैं। पूर्व विद्यार्थी अति उत्साह के साथ लगातार इससे जुड़ते जा रहे हैं। आंकड़ा प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पूर्व छात्रगण शिक्षा का स्तर बढ़ाने बतौर गुरुदक्षिणा राशि दान कर रहे हैं। एक पूर्व छात्र ने 50 हजार गुप्तदान किया है।

मीटिंग में प्रभारी प्राचार्य रोहित साहू, पूर्व प्राचार्य सरोज साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सितेश्वर सिन्हा, पूर्व छात्रगण सुरेश सार्वा, रामेश्वर साहू, रोहित निर्मलकर, रमाकांत साहू, हिंछाराम विश्वकर्मा, थानेश्वर तारक, प्रेमलाल साहू, हेमंत साहू, पामेश देवांगन, जागेश्वर सिन्हा, धनेश बंजारे, कमलेश टंडन, गजेंद्र साहू, रोशन विश्वकर्मा, रामनाथ शर्मा, अंकित साहू, देवेंद्र सिन्हा, नंदूराम ध्रुवंशी, विवेक सेन व पूर्व छात्रगण उपस्थित थे।

### सैकड़ों पूर्व विद्यार्थी और गुरुजन होंगे सम्मानित

इस दौरान हाईस्कूल के 63 साल के सभी बैच के सैकड़ों विद्यार्थी और गुरुजनों का पुनर्मिलन होगा। उन्हें अभिनंदन पत्र, मैडल, मोमेंटो, शॉल श्रीफल आदि से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक बैच के एक व्यक्ति को अपने पढ़ाई सत्र की यादें ताजा करने का मौका दिया जायेगा। इस बीच स्कूल के फाउंडर्स को भी याद किया जाएगा।

### स्कूल में स्मार्ट क्लास बनाने की तैयारी

शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने स्मार्ट क्लास बनाई जायेगी, जिसमें प्रोजेक्टर, वाईफाई, इंटरनेट, सहित आधुनिक तकनीकी की सुविधाएं बच्चों को मिल पाएंगी। इसका लोकार्पण 4 जनवरी को ही पूर्व छात्र-छात्राओं एवं गुरुजनों द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। इस सम्मेलन में किसान, व्यापारी, कर्मचारी, अधिकारी जैसे पदों में सेवा दे रहे लोग विभिन्न राज्यों और जिलों से शामिल होंगे।

### लगातार हो रही मीटिंग

शाला विकास समिति, ग्रामीणजन, आयोजक टीम द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने गातापार, चिंवरी, सिवनीकला, बकली, संकरी, गोजी जैसे विभिन्न गांवों में लगातार मीटिंग की जा रही है। इससे पूर्व विद्यार्थियों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

### स्कूल में विभिन्न गतिविधियां शुरू

आयोजन की तैयारी को लेकर स्कूल में स्मार्ट क्लास बनाने की तैयारी सहित व्यवस्थित प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम और स्कूल का रंगरोगन, गार्डनिंग, स्वागत गेट, पौधरोपण, गार्डन चेयर, झूला आदि के साथ ही भौतिक सुविधाएं भी दुरुस्त की जा रही हैं।

### पार्किंग, भोजन, सुरक्षा का प्रभार सौंपा

आयोजन को देखते हुए 4 जनवरी को पार्किंग की व्यवस्था सिर्री के खेल मैदान, मंडी परिसर में रखी गई है। सुबह 9 बजे से कार्यक्रम शुभारंभ होगा। सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने सिर्री हाईस्कूल प्रांगण में मीटिंग रखी गई जिसमें विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। सभी पूर्व विद्यार्थी को जोड़ने के लिए बैच अनुसार ग्रुप बनाने व सफल व्यवस्थापन हेतु अलग-अलग समिति बनाने चर्चा हुई। इनके लिए 20 दिसंबर को सिर्री हाई स्कूल अंतर्गत लगभग 20 गांव के पूर्व छात्रों की उपस्थिति पर चर्चा हुई।

बिजनेस साइट

## विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स अरीना शोरूम का उद्घाटन, नगरी को मिली पहली कार सुविधा



**नगरी।** शहर के लिए ऐतिहासिक दिन रहा, जब यहां प्रथम बार कार शोरूम 'विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स अरीना' का शुभारंभ हुआ। अब तक नगरी में किसी भी प्रकार का कार शोरूम उपलब्ध नहीं था, जिससे लोगों को वाहन संबंधी सुविधाओं के लिए धमतरी या अन्य शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था। नए शोरूम के शुरू होने से स्थानीय लोगों को मारुति सुजुकी एरीना के सभी नवीनतम मॉडल, बिक्री व सर्विस, टेस्ट ड्राइव, वित्तीय सहायता तथा अन्य ग्राहक सेवाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी।

शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, एरीना साउथ ईस्ट ज़ोन के कमर्शियल बिज़नेस हेड आर. सुरेश बाबू, एरिया मैनेजर आसिफ क़ादरी, टेरेटरी सेल्स मैनेजर शफाक़ तथा रीजनल मैनेजर (साउथ ईस्ट-2) अभिनव सैगल विशेष रूप से मौजूद थे। इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व नपंअध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, कमल डागा, रजत नाहटा और विकास सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

अतिथियों ने कहा कि यह शोरूम आधुनिक ऑटोमोबाइल सेवाओं के साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगा। इससे नगरी और आसपास के क्षेत्रों की विकास गति को नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम 11 दिसंबर को रवाभाटा धमतरी रोड स्थित विकास राइस मिल के सामने आयोजित किया गया।

समापन पर यशवंत अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल और आयुष अग्रवाल ने सभी अतिथियों तथा नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने का भरोसा दिलाया।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह का रायपुर विमानतल में प्रीतेश ने किया आत्मीय स्वागत

- अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर से रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारत के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को रायपुर विमानतल पर भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। श्री शाह बस्तर ओलंपिक के समापन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। श्री गांधी ने बताया कि अमित शाह द्वारा प्रदर्शित अपनत्व एवं आत्मीय स्नेह से वे अभिभूत हैं। उन्होंने इस भेंट को प्रेरणादायी एवं सदैव स्मरणीय क्षण बताया। संक्षिप्त मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों एवं प्रदेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी सौहार्द्रपूर्ण चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन कार्यक्रम में सहभागिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं खेलप्रेमियों में विशेष उत्साह देखा गया।

## धमतरी का युवक भखारा में चाकू लहराते पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी के एक युवक को भखारा पुलिस ने पुराना बस स्टैंड में चाकूनुमा हथियार लहराते गिरफ्तार किया है।

भखारा के पुराना बस स्टैंड में एक युवक द्वारा हाथ में चाकूनुमा हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने की पुलिस को सूचना मिली। भखारा पुलिस तत्काल पुराना बस स्टैंड पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रवि नायक पिता सुरेश उम्र 22 वर्ष इतवारी बाजार धमतरी थाना सिटी कोतवाली बताया। आरोपी सार्वजनिक स्थल पर चाकूनुमा हथियार लहराकर अन्य लोगों में भय का वातावरण उत्पन्न कर रहा था। इससे कानून व्यवस्था एवं सार्वजनिक शांति भंग होने की स्थिति बन रही थी। पुलिस ने आरोपी रवि नायक के कब्जे से धारदार हथियार जप्त कर उसके खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने चाकूबाज आरोपी रवि नायक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। चाकूबाज पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आम नागरिकों ने राहत की सांस ली।

एसपी के निर्देशन में पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था एवं सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों अथवा असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम में देने की अपील की है।

## 1639 छात्रों ने दी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विकासखंड नगरी में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हुई। इस परीक्षा के लिए विकासखंड में कुल 6 परीक्षा केंद्र शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय कुकरेल, जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी, आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश स्कूल नगरी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा बनाए गए। परीक्षा हेतु 1779 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1639 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 140 छात्र अनुपस्थित रहे।

यह प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं की सीटों में चयन के लिए आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर केंद्राध्यक्ष एवं आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा देकर बाहर आए विद्यार्थियों ने बताया कि हिंदी एवं गणित विषय के प्रश्नपत्र संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित थे, जिन्हें समय पर हल किया गया। बीरू पटेल सहित विभिन्न शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करवाई थी। छात्र रजना ध्रुव, महेश कुमार साहू, रोहिणी नेताम, योगमाया एवं काव्यांश साहू सहित अन्य छात्रों ने भी प्रश्नपत्र को सरल बताया।

## अत्यधिक ठंड के कारण स्कूलों के समय में अस्थायी बदलाव

**धमतरी।** जिले में लगातार पड़ रही अत्यधिक ठंड को देखते हुए छात्रहित में जिला प्रशासन ने विद्यालयों के शाला संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया है। यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था 3 जनवरी 2026 तक प्रभावशील रहेगी, जबकि शासकीय कार्यालयों का समय पूर्ववत रहेगा।जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अन्य सभी विद्यालयों में संशोधित समय-सारणी लागू की गई है। दो पाली में संचालित विद्यालयों के लिए प्रथम पाली में सोमवार से शनिवार प्रातः 8.30 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली में सोमवार से शनिवार दोपहर 12.15 बजे से शाम 4.15 बजे का समय निर्धारित है। एक पाली में संचालित विद्यालयों के लिए सोमवार से शुक्रवारः प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक, शनिवारः प्रातः 8.30 बजे से 12 बजे तक का समय निर्धारित है। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से पालन करें। साथ ही यह भी कहा कि विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं अध्ययन व्यवस्था पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## पीजी कॉलेज में वाणिज्य संकाय का गठन




**धमतरी।** बीसीएस शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ विनोदकुमार पाठक के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार निर्देशन में वाणिज्य परिषद का गठन किया गया। अध्यक्ष बुद्धेश्वरी पटेल एमकॉम तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष श्वेता यादव एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, सचिव रूपेंद्र कुमार साहू एमकॉम तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव आरती एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष राजेश्वरी एमकॉम तृतीय सेमेस्टर, सांस्कृतिक सचिव गोमती सिन्हा एमकॉम तृतीय सेमेस्टर, कार्यक्रम प्रभारी पूनम सूर्यवंशी एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, मीडिया प्रभारी मिनेश साहू एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, सदस्य ममता सोनी, देवकी साहू, योगेन्द्र सेन का मनोनयन किया गया। प्रो. निरंजन कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष वाणिज्य परिषद का गठन किया जाता है। परिषद के माध्यम से अनेक सांस्कृतिक एवं विभागीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर प्रो.अमरसिंह साहू, प्रो. भीखम साहू, प्रो. कुशल चोपड़ा, डॉ कामिनी सिन्हा, प्रो.भीषम साहू, प्रो. खूबचंद उपस्थित थे।

## शिक्षक फेडरेशन ने मोदी की गारंटी को शीघ्र पूरा कराने विधायक को सौंपा ज्ञापन

- वेतन विसंगति को दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



छग सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन विकासखंड कुरूद द्वारा मुख्यमंत्री छग शासन के नाम विधायक अजय चंद्राकर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से मोदी की गारंटी के अंतर्गत किए गए वादों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की गई। इसमें विशेष रूप से सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति के निराकरण तथा क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। शिक्षकों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादों के अनुरूप अब तक क्रियान्वयन नहीं होने से सहायक शिक्षक लंबे समय से प्रभावित हैं। विधायक की ओर से उनके कार्यालय प्रतिनिधि जीएस कामड़े ने ज्ञापन प्राप्त किया तथा विधायक को तत्काल अवगत कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष लुकेशराम साहू, प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सहसचिव शंकरलाल मानिकपुरी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिप्रा कन्नौजे, जोन उपाध्यक्ष चेतन साहू, हरीश सोनबेर, मदन चंद्राकर, हरिशंकर सेन, संतोष मारकंडे, लेखराम साहू समेत बड़ी संख्या में ब्लॉक के सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

## अमलीडीह में संगीतममय श्रीमद् भागवत 20 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में राधारानी महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचिका रेणुका गोस्वामी होंगी। 20 दिसंबर शनिवार को कलश यात्रा, वेदी पूजा, गोकर्ण उत्थान, 21 को सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, 22 को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 23 को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 24 को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र, राम कथा, कृष्ण जन्म, 25 को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन लीला, 26 को कंस वध, कृष्ण रुक्मणि विवाह, 27 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, 28 को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शॉर्ट सर्किट, तीन पैनल...

कैपिसिटी कम है। इस घटना के बाद शहर में पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। शनिवार तथा रविवार अवकाश का दिन है। मैकेनिक को रायपुर से बुलाना पड़ेगा। सुधार के लिए आवश्यक पार्ट्स खरीदने के लिए निगम में मौजूद अधिकारियों को पास आर्थिक अधिकार नहीं है। ऐसी स्थिति में शहर में पानी के लिए लोगों में मुसीबत बढ़ने की संभावना है।

## धान, दलहन के साथ उद्यानिकी फसल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

- कातलबोड़ में उद्यानिकी सूचना केंद्र का हुआ शुभारंभ



महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी के चतुर्थ वर्ष सत्र 2025-26 के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव एवं ग्रामीण उद्यमिता जागरूकता विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम कातलबोड़ में उद्यानिकी सूचना केंद्र का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती कुलेश्वरी साहू कातलबोड़ ने धान्य, दलहनी, तिलहनी फसलों के साथ उद्यानिकी फसलों पर जोर देते हुए मिश्रित रूप से खेती करने किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं खेती के साथ स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उद्यानिकी आधारित व्यवसाय अपनाकर अतिरिक्त आय कमा सकती हैं। सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती पूजा साहू ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण करते हुए आधुनिक कृषि में उनकी उपयोगिया के बारे में अवगत हुए। अधिष्ठाता हेमंत टोप्पो ने अनाज फसल के साथ उद्यानिकी फसल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव कार्यक्रम को छात्र-छात्राओं एवं कृषकों के बीच के व्यावहारिक ज्ञान तथा अनुभव साझा करने की कड़ी बताया।

उद्यान अधीक्षक गाड़ाडीह नर्सरी महोबे ने उद्यानिकी फसलों की खेती क्लस्टर में करने पर जानकारी दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डीहू पटेल ने फल एवं सब्जियों की मूल्य संवर्धन पर जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों को छात्र-छात्राओं द्वारा उद्यानिकी सूचना केंद्र में उद्यानिकी फसलों से संबंधित नवीनतम तकनीकों को विभिन्न मॉडल के रूप में विस्तारपूर्वक बताया गया।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 सिर्री हाईस्कूल में गुरू शिष्यों का महासंगम 4 को





14 सनातन धर्म की रक्षा और सामाजिक एकता का लिया संकल्प












## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 17 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी तृतीय सेमेस्टर (प्राणीशास्त्र) की प्रायोगिक परीक्षा 17 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी आवश्यक सामग्री व रिकार्ड के साथ निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व प्राणीशास्त्र विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### सत्रांत परीक्षा 19 दिसम्बर से 14 फरवरी तक

**धमतरी।** पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सत्रांत परीक्षा जनवरी-दिसम्बर 2025 की अंतिम समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा एवं डिप्लोमा की परीक्षाएं 19 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक कार्यालयीन दिवसों में आयोजित होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। प्रथम पाली प्रातः 10 से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक होगी। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए के आधार पाठ्यक्रम एवं बीकॉम, बीबीए ऑनर्स के एईसी व वीएसी विषयों की परीक्षा ओएमआर शीट पर प्रातः 10 से 12:15 बजे तथा दोपहर 2 से 4:15 बजे तक होगी। यह जानकारी प्राचार्य, समन्वयक डॉ. विनोद कुमार पाठक ने दी।

### पंचायत चुनाव के बाद से नहीं मिली है 15वें वित्त की राशि

# आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं ग्राम पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूरा साल निकलने को है, लेकिन अब तक ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि नहीं मिली है। ऐसे में पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सफाई, रोशनी, सड़क, नाली निर्माण जैसे काम के लिए भी फंड नहीं है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। अब पंचायत प्रतिनिधि इस मामले को लेकर प्रदर्शन के मूड में हैं।

ग्राम पंचायतों में राजस्व से आवक काफी कम होती है। ग्राम पंचायतों को विकास के लिए शासन का मुंह ताकना पड़ता है। केंद्र सरकार से ग्राम पंचायतों को आर्थिक



मदद दी जाती है, लेकिन इस बार पंचायत चुनाव से लेकर अब तक 15वें वित्त की राशि ग्राम पंचायतों को नहीं मिली है, जिससे ग्राम पंचायतों में फंड का अभाव है। गांव का विकास तो दूर मूलभूत सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को तरसना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों को झेलनी पड़ रही है। चुनाव जीतकर वे पद पर बैठे हैं, तब से उन्हें कार्यों के लिए फंड नहीं मिला है। ऐसे में उनकी साख कमजोर हो रही है। फंड के अभाव में गांव में कुछ भी काम नहीं करवा पा रहे हैं। स्थिति यह है कि गांव की गलियां, सड़कें, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही हैं। सरपंचों ने बताया कि गांव की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए भी उनके पास फंड नहीं है। 15वें वित्त की राशि के लिए वे कई बार आवेदन कर चुके हैं, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला है। अब पंचायत प्रतिनिधियों में आक्रोश पनपने लगा है।

#### केंद्र से मिलता है आर्थिक अनुदान

यह राशि केंद्र सरकार से राज्य सरकार को प्रदान की जाती है। इसके बाद राज्य सरकार से ग्राम पंचायतों को निर्धारित मापदंडों के अनुपात में वितरित की जाती है। इसमें टाइड और अनटाइड फंड अलग-अलग दिया जाता है ताकि गांव का समुचित विकास हो सके। लेकिन यह राशि नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों की माली हालत खराब हो गई है। पंचायतों में छोटे-मोटे कार्य कराने में भी परेशानियां आ रही हैं। कई सरपंच कर्ज लेकर ग्राम पंचायत में विकास कार्य करा रहे हैं।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शॉर्ट सर्किट, तीन पैनल हुए ब्लास्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- वार्डों में पानी सप्लाई होगी बाधित

शनिवार की सुबह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में तीन पैनल ब्लास्ट होने से शहर की पेयजल सप्लाई बाधित हो गई है। बताया गया है कि शार्ट सर्किट से हुए ब्लास्ट से आगजनी भी हुई है जिससे एक कर्मचारी बाल-बाल बच गया।

शहर के सभी वार्डों में पेयजल की सप्लाई दानीटोला के मुख्य नहर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से होती है। निगम के इस प्लाट में आये दिन मोटर जलने या खराब होने की शिकायत मिलती रहती है। शनिवार की सुबह निगम के कर्मचारी पानी सप्लाई की तैयारी कर रहे थे तभी ट्रीटमेंट प्लांट के 6 पैनल में से तीन पैनल में धुआं उठने लगा और देखते ही देखते तीनों पैनल ब्लास्ट हो गए। आग की लपटें भी उठने लगीं। इस दौरान वहां पर मौजूद एक कर्मचारी ने भागकर अपनी जान बचाई।

बताया जा रहा है कि पैनल जलने के अलावा पूर्व से ही कुछ मोटर खराब पड़े हैं। सिर्फ दो मोटरपंप चालू हालत में है जिसकी पानी सप्लाई ⏩ शेष पेज 12 पर

#### पानी की सप्लाई जल्द बहाल होगी : उपायुक्त

नगर निगम के उपायुक्त पीसी सार्वा ने कहा है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शॉट सर्किट होने की जानकारी मिली है। 6 में से 3 पैनल जल गए हैं। दो मोटरपंप में नार्मल पानी आता है। उसी से सप्लाई की जाएगी। दो पंप के माध्यम से सभी वार्डों में पानी सप्लाई मुमकिन नहीं है। खराब मशीनों को सुधारने की तैयारी की जा रही है। जितना जल्द हो सके पानी की सप्लाई बहाल की जाएगी। जरूरत वाले वार्डों में टेंकर के माध्यम से पानी दिया जाएगा।

#### बिना चार्ज लिए वापस लौटी प्रभारी आयुक्त

निगम आयुक्त प्रिया गोयल के अवकाश में चले जाने से निगम की व्यवस्था चरमरा गई है। खबर है कि शुक्रवार को महिला अपर कलेक्टर आयुक्त का प्रभार लेने निगम पहुंची थीं लेकिन वह बिना चार्ज लिए वापस चली गई हैं। मुख्य अधिकारी के नहीं होने से जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं।

### पैथालॉजिस्ट के बंगले में दी थी दबिश

# फर्जी आईटी टीम के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अपने आप को इनकम टैक्स आफिसर बताते हुए पैथालॉजिस्ट के बंगले में घुसकर दस्तावेज, जेवर व रूपयों की जानकारी लेने वाले फर्जी आईटी अधिकारियों के खिलाफ कोतवाली थाना में जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार रत्नाबांधा रोड निवासी पैथालॉजिस्ट डॉक्टर ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की है कि बीते 17 नवंबर की सुबह 11.30 बजे 6 से 7 लोग उसके घर में



घुस आए। उस समय वह नाश्ता कर रहा था। वे सभी किचन तक पहुंच गए। मोबाइल को जप्त कर किसी को फोन नहीं करने दिया। किसी को बाहर भी नहीं जाने दे रहे थे। घर में घुसने वालों ने कहा कि वे इंकम टैक्स डिपार्टमेंट से हैं। उसके बाद फर्जी आईडी भी दिखाई गई। शक होने पर सर्च वारंट की मांग करने पर उनके द्वारा किसी तरह का वारंट नहीं दिखाया गया। इस घर के दूसरे सदस्य व जो भी दोस्त आए थे। उन्हें भी बिठा दिया गया। उनके भी मोबाइल फोन जप्त कर पूरे घर की तलाशी लेने लगे। दराज, आलमारी व सभी स्थानों की तलाशी ली गई। लगभग डेढ़-दो घंटे की तलाशी लेने के बाद कुछ नहीं दिख रहा है कहकर बंगले से चले गए। फर्जी टीम ने किसी को चोट नहीं पहुंचाई तथा रूपए व गहने नहीं ले गए। इस दौरान वे लोग मोबाइल फोन पर किसी से सर-सर कहकर बात कर रहे थे। बार-बार सर्च वारंट मांगने के बाद भी नहीं दिखाया गया। उन लोगों के पास पुलिस या फोर्स भी नहीं थी जिसके कारण टीम संदिग्ध प्रतीत हुई। बंगले से निकलकर वे सभी दो कार में सवार होकर चले गए। इस घटना से पैथालॉजिस्ट व उनकसा परिवार परेशान हैं। पैथालॉजिस्ट की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात 6-7 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 204, 3/5, 319/2, 331/3, 61/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## भाठागांव में घासीदास जयंती 21 को मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम भाठागांव में 21 दिसंबर को घासीदास जयंती का आयोजन किया गया है। समाज प्रमुखों ने बताया कि सर्वप्रथम बाबा जी की पूजा-आरती होगी, पश्चात सोनपैरी जिला रायपुर का पंथी नृत्य होगा। बाजार और मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। रात्रि में पूजा के फूल ग्राम खल्लारी जिला बालोद का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में अजरत बंजारे, धनीराम बंजारे, ईश्वर रात्रे, निर्भय लहरे जुटे हैं।

# सौदा बीस डिसमिल का रजिस्ट्री हुई दस डिसमिल की

- वृद्धा ने कलेक्टर से की धोखाधड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जमीन-खरीदी बिक्री के मामले में एक वृद्धा धोखाधड़ी का शिकार हो गई है। शुक्रवार को इस मामले की शिकायत कलेक्टर से कर आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

भखारा तहसील के ग्राम भेलवाकूदा निवासी 77 वर्षीय उमा बाई साहू ने कलेक्टर के नाम सौंपे शिकायत आवेदन में कहा है कि ग्राम भेलवाकूदा निवासी एक व्यक्ति ने उसके नाम पर ग्राम पचपेड़ी में स्थित भूमि खसरा नंबर 12/2, 13/2 रकबा 0.08 हेक्टेयर भूमि का 3.65 लाख रूपये में सौदा तय किया था, जिसका इकरारनामा 27 अप्रैल 2011 को 3,22,500 रूपये नगद राशि बयाना देकर किया गया। इस दौरान दो गवाह भी मौजूद थे। उस भूमि की रकम रजिस्ट्री 19 जून 2013 को देकर पंजीयन कार्यालय धमतरी में की गई। उक्त भूमि की रजिस्ट्री अपनी बहू उत्तरा बाई के नाम से कराई है लेकिन रजिस्ट्री के समय उसे धोखे में रखकर 0.04 हेक्टेयर यानी 10 डिसमिल जमीन का पंजीयन करा दिया गया। सौदे के



मुताबिक 20 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री की जानी थी। शेष 10 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए उक्त व्यक्ति को बोलने पर वह उसे जान से मारने की धमकी तथा गाली-गलौज करता है। मामले की शिकायत थाना भखारा में लिखित में की गई थी। थाना में उसने राजीनामा में रजिस्ट्री कराने की बात स्वीकार की थी लेकिन अब तक बचत भूमि 10 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई है। जमीन बेचने वाला तथा उसका बेटा शराब पीकर गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देता है। वृद्धा उमा बाई ने दोनों के खिलाफ जान से मारने तथा धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज की मांग की है।




महापौर रामू रोहरा ने सर्व हिंदू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

# सनातन धर्म की रक्षा और सामाजिक एकता का लिया संकल्प







हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

स्थानीय धनकेसरी मंगल भवन में आयोजित सर्व हिंदू समाज के शपथ ग्रहण समारोह ने धार्मिक, सामाजिक और भावनात्मक एकता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। खचाखच भरे भवन में जय-जय श्रीराम, जय भवानी, जय शिवाजी और जय हनुमान के गगनभेदी नारों के बीच महापौर रामू रोहरा ने सर्व हिंदू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

शपथ लेते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि वे सनातन धर्म की रक्षा करते हुए सभी जाति और धर्मों का सम्मान करेंगे। समाज के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे तथा हिंदू समाज की सुरक्षा और स्वाभिमान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

मुख्य वक्ता डॉ. रोशन उपाध्याय ने सनातन धर्म की गूढ़ और प्रेरक व्याख्या करते हुए कहा कि सनातन केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की शाश्वत पद्धति है।

उन्होंने कहा कि विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में सनातन संस्कृति का ध्वज सदैव फहराता रहा है। कालांतर में विचारों का विभाजन हुआ, पंथ बने, परंतु सनातन की मूल आत्मा आज भी जीवंत है। उन्होंने आह्वान किया कि सनातन धर्म की रक्षा केवल मंचों से नहीं, बल्कि अपने आचरण, संस्कार और व्यवहार से करनी होगी। समाज को एकजुट होकर आगे आना होगा, क्योंकि जब तक हम स्वयं अपनी परंपराओं और मूल्यों की रक्षा नहीं करेंगे, तब तक बाहरी चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे। डॉ. उपाध्याय ने युवाओं से आग्रह किया कि वे सनातन मूल्यों को समझें, अपनाएं और अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं।

### हिंदू कोई भौगोलिक क्षेत्र नहीं, सांस्कृतिक विचारधारा है : डॉ. उपाध्याय

डॉ. रोशन उपाध्याय ने हिंदुत्व एवं सनातन धर्म पर विचार रखते हुए कहा कि हिंदू कोई भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक विचारधारा है। उन्होंने बताया कि हिमालय से हिंद महासागर तक फैले भू-भाग को हिंदुस्तान कहा गया और यहां रहने वाले सभी लोग हिंदू हैं। शास्त्रों के अनुसार गौ रक्षा, अहिंसा, पुनर्जन्म में आस्था और ओंकार की उपासना हिंदू पहचान का आधार है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, वीर सावरकर और स्वामी विवेकानंद ने भी हिंदुत्व की महत्ता को स्वीकार किया। जात-पात से ऊपर उठकर सनातन की रक्षा हेतु एकजुट होने का आह्वान किया।

डॉ. प्रभात गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म वैज्ञानिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित है। यह धर्म सभी को जोड़ने की शक्ति रखता है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वे अपने संस्कारों को पहचानें और उन्हें व्यवहार में उतारें।

डॉ. हीरा महावर ने कहा कि हिंदू धर्म सहिष्णुता और करुणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती शिक्षा, संस्कार और संगठन से आती है, इसलिए सभी को मिलकर सकारात्मक भूमिका निभानी होगी।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सर्व हिंदू समाज को सभी के हितों में कार्य करना चाहिए। किसी भी जाति या धर्म का अनादर न हो, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। समाज की सुरक्षा और एकता के लिए वे सदैव सहयोग देंगे।

### हम एक रहेंगे, टूटने नहीं देंगे : महेश

नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश रोहरा ने कहा कि सर्व हिंदू समाज एकजुट होकर सनातन धर्म और हिंदू समाज के हितों के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हम एक रहेंगे, टूटने नहीं देंगे। हम सबका सम्मान करेंगे, पर अपने स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा स्वयं करेंगे। अन्याय और जुल्म को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाज को संगठित रहने, बंटवारे से बचने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।

अध्यक्ष महेश रोहरा, उपाध्यक्ष हरजिंदर छाबड़ा, विशेश्वर पटेल, रमेश लहरे, महासचिव अशोक पवार, सहसचिव पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष यशवंत साहू, संरक्षक दीपक लखोटिया व जानकी प्रसाद शर्मा, संगठन महामंत्री विजय गोलछा व वरुण राय, दिलीप पटेल मीडिया प्रभारी बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में राजेश शर्मा, सुबोध राठी, अजय जैन, नंदू जसवानी, दिलीप सोनी शामिल हैं।

## भोथली में घासीदास जयंती 20 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी



ग्राम भोथली (बलियारा) में इस वर्ष भी सतनामी समाज व ग्रामवासियों के सहयोग से 20 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई जायेगी। कार्यक्रम की शुरुआत शोभायात्रा से प्रारंभ होगी। दिन में ग्राम छाती की पंथी पार्टी और रात्रि में प्रेम के बंधना फूलवारी सांस्कृतिक कार्यक्रम (बरसनदास देशलहरे) ग्राम सांकरा जिला राजनांदगांव का होगा। कार्यक्रम की तैयारी में पीलेश्वर बघेल, रामकुमार बंजारे, सोमप्रकाश, पंचराम, मुरारी टंडन, तरूण कुमार, महेश बंजारे जुटे हैं।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं– स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
• सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
• मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
• शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
• अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थान : रायपुर (छ.ग.)
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

ग्राम जुनवानी की घटना

## तालाब में तैरते मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

ग्राम जुनवानी के तालाब में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। भखारा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को अस्पताल के मर्च्युरी में भेज दिया है।

भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी के तालाब में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना भखारा थाना को दी गई। पुलिस ग्राम जुनवानी पहुंची और शव को बाहर निकाल शिनाख्ति का प्रयास शुरु कर दिया। घटना की जानकारी होते ही तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ लग गई। स्थानीय ग्रामीणों ने शव की पहचान सुंदरलाल यादव पिता हेमू यादव उम्र 40 वर्ष ग्राम जुनवानी थाना भखारा के रूप में की। पुलिस ने मौके पर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए कुरूद अस्पताल के मर्च्यूरी में भेज दिया है। युवक की मौत किस कारण से हुई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### शरीर पर चोट के निशान नहीं : सीएसपी

सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि पुलिस को ग्राम जुनवानी के तालाब में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। स्थानीय ग्रामीणों ने युवक की पहचान सुंदरलाल यादव जुनवानी निवासी के रूप में की है। प्रथमदृष्टया लग रहा है कि युवक फिसलकर तालाब में गिर गया होगा। डूबने से मौत हो गई होगी। शरीर पर चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव कल

**धमतरी।** जिला अधिवक्ता संघ धमतरी के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। चुनाव अधिकारियों की टीम ने 13 दिसम्बर को सभी प्रत्याशीगणों के साथ बैठक रखकर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान की अपील की। अध्यक्ष पद के लिए दानीराम साहू व नीरजधर तिवारी, उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कुंभकार व सचिन जाचक, क्रीड़ा सचिव व सांस्कृतिक सचिव पद के लिए पीयूष देवांगन व परमानंद अग्रवाल के बीच कांटे की टक्कर है। कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय शुक्ला, नरोत्तम सिन्हा व कामतानाथ सिन्हा एवं सहसचिव पद के लिए तल्लीनपुरी गोस्वामी, फलेश साहू व योगेश गोलछा के मध्य त्रिकोणीय मुकाबला है। कुल 355 मतदाता मतदान कर सकेंगे। यह जानकारी चुनाव अधिकारी अजीत साहू, अशोक कुमार बुधवानी, मोहित कुमार देवांगन, यशवंत कौशिक, अजय सोनवानी व गोपी कुर्रे ने दी।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कमलेश का चयन



**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल के प्राध्यापक कमलेश दीवान का चयन आल इंडिया सर्विस एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर तक बिहार के पटना शहर में आयोजित है। श्री दीवान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सेवाओं के साथ एथलेटिक्स, कबड्डी में लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। 10 दिसंबर को राजाराव पठार में आयोजित विराट वीर मेला में आदिवासी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी खेल प्रतिभा, जननायकों के योगदान में रिसर्च पेपर, जनजाति समाज के उत्थान, योगदान के लिए दिया गया है।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| कुरूद | 3 पद | |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन 15000/- |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी मो. 9826114710
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि